Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to use some percentage of CSR fund for the development of local area villages in Alwar, Rajasthan.

श्री बालक नाथ (अलवर): अध्यक्ष महोदय, अलवर के अंदर राजस्थान में सबसे ज्यादा औद्योगिक क्षेत्र है, जो कि एशिया में भी अपना स्थान रखता है । उसी इलाके की जमीन को अधिग्रहण कर के ये इंडस्ट्री या उद्योग लगाए गए हैं । इन उद्योगों के माध्यम से वहां पर भूजल का भी बड़ी भारी मात्रा में दोहन होता है और वहां के लोकल लोगों को भी रोज़गार नहीं मिलता है । उन इंडस्ट्रीज़ के माध्यम से जो पैसा सीएसआर फंड में जाता है, मेरी सरकार से मांग है कि सीएसआर के पैसे का कुछ पर्सेंटेज उस इलाके के आस-पास के गांवों के विकास के लिए लगना चाहिए । वह निर्धारित होना चाहिए । जिस भी इलाके में वह इंडस्ट्री है और वहां से जो भी सीएसआर कलैक्शन होता है, उसका कुछ प्रतिशत उसी इलाके के विकास के लिए लगाए । आपके माध्यम से सरकार से मेरी यही मांग है । धन्यवाद ।